# सागवाडा लाईव न्यूज़



**सुचना-**
विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

डिजिटल अंक | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh


सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 04 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

18 अक्टूबर 2025 शनिवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक ३८ | ● पृष्ठ ०४ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in


## भाजपा का स्नेह मिलन एवं विकास पुस्तिका विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न

### विकास के पथ पर सागवाड़ा विधानसभा” शीर्षक पुस्तिका तथा वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/डूंगरपुर। सागवाड़ा उपखंड मुख्यालय पर हरिगीत वाटिका में आज भाजपा विधायक शंकरलाल डेचा के सान्निध्य में भाजपा का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विधायक डेचा एवं उपस्थित अतिथियों ने “विकास के पथ पर सागवाड़ा विधानसभा” शीर्षक पुस्तिका तथा वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक रणोली ने कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई कि वे अपने जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान रखेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लेंगे। स्नेह मिलन के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने एकता और भाईचारे के माहौल में सामूहिक भोजन किया। कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## एम.एम. पाटीदार हॉस्पिटल, सागवाड़ा की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ

“आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता — उजाले से भर दे हर जीवन” न्यू लुक स्कूल व न्यू पेट्रोल पंप के पास, मेन रोड, सागवाड़ा, संपर्क : 8107554888 , आधुनिक सुविधाओं से युक्त बहु-विशेषज्ञ चिकित्सालय

नगर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पूर्ण चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध

जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, लेजर, लेप्रोस्कॉपी, स्त्री रोग, शिशु रोग एवं डायलिसिस विभागों में सम्पूर्ण उपचार।

जनरल फिजिशियन द्वारा इलाज योग्य रोग

शुगर • बी.पी. • एलर्जी • दिल की बीमारी • एसिडिटी • टी.बी. • मिर्गी • अपच • सरदर्द • लकवा • डिप्रेशन • पीलिया • दमा • खुजली • सोरायसिस • एक्जिमा • दाद-खाज • चर्म रोग • फेफड़ों में पानी • पेट में पानी • सर्पदंश उपचार (Anti Snake Venom उपलब्ध)।

जनरल सर्जरी, लेजर एवं लेप्रोस्कॉपी विभाग

पित्त की थैली, अपेंडिक्स, हर्निया के दूरबीन से ऑपरेशन, पाइल्स (मस्से) का लेजर ऑपरेशन, फिस्टुला/भगंदर का दर्दरहित लेजर ईलाज, किडनी व प्रोस्टेट की सर्जरी, स्तनों, गले, थायरॉइड व शरीर की गाँठों का ऑपरेशन, चेहरे व शरीर से मस्से, कॉर्न, ग्रोथ हटाने की सुविधा

शिशु रोग विभाग

नवजात शिशु से 15 वर्ष तक के बच्चों का इलाज, फोटोथैरेपी, ऑक्सीजन, इंफ्यूजन पम्प और टीकाकरण की सम्पूर्ण सुविधा।।

प्रसूति, स्त्री रोग एवं इनफर्टिलिटी विभाग

नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, D&C, Lap Ectopic Pregnancy, बार-बार गर्भपात का इलाज, बच्चेदानी की गाँठ निकालना, दूरबीन से ऑपरेशन, सफेद रोग, मासिक अनियमितता, रक्तस्राव, नली खोलने का ऑपरेशन

डायलिसिस यूनिट

गुर्दे की बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के लिए अत्याधुनिक डायलिसिस सुविधा। प्रबंधन का दीपावली संदेश “दीपावली के इस शुभ पर्व पर समस्त नगरवासियों को शुभ स्वास्थ्य, समृद्धि और आनंदमय जीवन की मंगलकामनाएँ। निरोगी भारत की दिशा में एक कदम — एम.एम. पाटीदार हॉस्पिटल सागवाड़ा सदैव आपके साथ।” स्थान: न्यू लुक स्कूल व न्यू पेट्रोल पंप के पास, मेन रोड, सागवाड़ा संपर्क: 8107554888

🏥 एम.एम. पाटीदार हॉस्पिटल — हर मरीज के स्वास्थ्य की सच्ची देखभाल। “स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें, दीपावली का हर दीप आपके जीवन में उजाला भर दे।”

## बिछीवाड़ा थाने का 6 साल पुराना स्थाई वारंटी गिरफ्तार

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत हुई कार्रवाई



सागवाड़ा लाईव न्यूज़

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे “ऑपरेशन सुदर्शन चक्र” के तहत पुलिस ने 6 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना बिछीवाड़ा पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में एफआईआर नंबर 195/2016, धारा 19/54, 54ए, 57, 54डी राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 में वांछित अभियुक्त कालूराम पुत्र टेकचंद कुम्हार, निवासी दमकन खेड़ी, थाना सदर गोहाना, जिला पानीपत (हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी कैलाश चंद्र सोनी ने गुरुवार दोपहर 1:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि अभियान की कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा और पुलिस उप अधीक्षक वृत डूंगरपुर तपेन्द्र मीणा के सुपरविजन में, तथा थानाधिकारी बिछीवाड़ा कैलाशचन्द्र सोनी के नेतृत्व में की गई। थाना स्तर पर गठित विशेष टीम ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए हरियाणा में दबिश दी। पुलिस टीम ने पारंपरिक पुलिसिंग और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए अथक प्रयासों के बाद कालूराम को पकड़ा। डूंगरपुर पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत फरार वारंटियों और स्थाई वारंटियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि न्यायालयों में लंबित मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत कार्रावाई मे 6 साल से फरार स्थाई वारंटी कालूराम को हरियाणा से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

## सागवाड़ा में निजी बस की रियलिटी जांच पडताल जैसलमेर की घटना पर बस संचालकों को किया सचेत



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर जिले के आसपुर थाना क्षेत्र के रामा टांडा गांव में गुरुवार रात खेत में सिंचाई के दौरान करंट लगने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि उनकी मां गंभीर रूप से झुलस गईं। हादसे के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया । गांव के लच्छु बंजारा ने बताया कि रामा टांडा निवासी राहुल (23) और दिनेश (21) पुत्र सरदार अपनी मां मंजू के साथ खेत में मोटर चालू कर सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान खेत के पास लगे ट्रांसफॉर्मर से अचानक करंट फैल गया। तीनों झुलसकर बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन उन्हें तत्काल आसपुर सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने राहुल और दिनेश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल मां मंजू को प्राथमिक उपचार के बाद डूंगरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। बाबु बंजारा ने शुक्रवार दोपहर 2 बजे बताया कि गांव वालों ने खेत के पास लगे ट्रांसफॉर्मर को हटाने के लिए कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की आक्रोशित लोगों ने मौके पर हंगामा किया। सूचना पर आसपुर थानाधिकारी प्रदीप बिट्टू जाप्ते सहित पहुंचे और समझाइश कर स्थिति को शांत कराया। इस मामले में एवीवीएनएल आसपुर के एईएन विजय शर्मा ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर से करंट लगने की बात सही नहीं है। ट्रांसफॉर्मर से बिजली आपूर्ति घटना के समय भी चालू थी और अभी भी चालू है। उन्होंने कहा कि मौके का निरीक्षण करने के बाद ही असल कारण स्पष्ट हो सकेगा। शुक्रवार सुबह मॉर्च्यूरी के बाहर समाजजनों को बुलाया जा रहा है। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने एहतियातन जाप्ता तैनात किया है। मृतक राहुल की शादी छह माह पहले समोड़ा गांव में हुई थी। राहुल चार भाइयों में दूसरे और दिनेश तीसरे नंबर पर था।






दीपावली पर्व पर आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

## अवैध रुप से 6 बोतल देसी महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, चितरी पुलिस की कार्यवाही

संवाददाता | सागवाड़ा लाईव न्यूज़

**कुआँ, डूंगरपुर**सागवाड़ा लाईव न्यूज़/डूंगरपुर जिले के चितरी थाना अंतर्गत अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया थाना अधिकारी परमेश्वर पाटीदार ने बताया कि बिना अनुज्ञा पत्र के अपने कब्जे में 6 बोतल देसी हद कसीद महुआ शराब रखने और परिवहन करने के आरोप में कमलेश पिता बदाजी डिंडोर उम्र 34 वर्ष निवासी रातडिया पुलिस थाना चितरी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर लिया गया है उन्होंने बताया कि अवैध रूप से देसी शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।







## राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय पोषण माह समापन



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ जिला पुलिस द्वारा “ऑपरेशन शिकंजा” के तहत चैन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने अथक प्रयास कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर वारदात में छीनी गई सोने की चैन बरामद की है। प्रार्थी प्रेमजी पाटीदार निवासी सामलिया थाना सरोदा ने 9 अक्टूबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे अपनी पत्नी रमीला पाटीदार के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी में डैयाणा गए थे। वापसी के दौरान शाम करीब 5 बजे के आसपास जब वे शिवराजपुर सरकारी विद्यालय के पास पहुंचे, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने पीछे से आकर उनकी पत्नी के गले से लगभग डेढ़-दो तोला वजन की सोने की चैन झपट ली और फरार हो गए। इस दौरान छीना-झपटी में रमीला पाटीदार गिर पड़ीं, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें तुरंत एम.एम. पाटीदार हॉस्पिटल सागवाड़ा में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। इस संबंध में पुलिस थाना सरोदा में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा तथा वृताधिकारी सागवाड़ा रूप सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी भुवनेश चौहान के नेतृत्व में दो विशेष टीमों का गठन किया गया। टीमों ने सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए और परंपरागत पुलिसिंग व आसूचना तंत्र के माध्यम से आरोपियों की तलाश की। गहन अनुसंधान व पूछताछ के बाद भेयालाल पिता मणीलाल कनिपा, रमेशचन्द्र Army ईश्वरलाल कनिपा निवासी चिरोला, थाना मोटागांव, जिला बांसवाड़ा और जीवा पिता रघु मईडा मीणा, निवासी साट का टापरा, थाना मोटागांव, जिला बांसवाड़ा तीनों आरोपियों को डिटेन किया गया, जिन्होंने चैन स्नेचिंग की वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई सोने की चैन भी बरामद की।थानाधिकारी भुवनेश चौहान ने शुक्रवार दोपहर 2 बजे बताया कि ऑपरेशन शिकंजा के तहत जिलेभर में चैन स्नेचिंग, नकबजनी और चोरी की घटनाओं के खुलासे हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सरोदा थाना पुलिस की इस सफलता से अपराधियों में हड़कंप है और नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।










## वरिष्ठ पेंशनर्स और भामाशाहों का सम्मान करने का निर्णय लिया


संवाददाता | डूंगरपुर

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर पेंशनर समाज उपशाखा बिछीवाड़ा की बैठक मुख्यालय भुवनेश्वर में हुई। मुख्य अतिथि रामलाल डामोर रहे। अध्यक्षता करणसिंह राव ने की। विशिष्ट अतिथि जीवराम पाटीदार व दितालाल लबाना रहे। बैठक में पृथ्वीराज जैन ने स्वागत किया। अतिथियों ने पेंशनर साथियों को आने वाली कठिनाइयों व समाधान की जानकारी दी। बैठक में नवंबर 25 में जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने, दिसंबर में पेंशनर दिवस पर 75 व 85 वर्ष पूर्ण करने वाले वरिष्ठ पेंशनर्स व सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान करने की जानकारी दी। संचालन पृथ्वीराज जैन ने किया। आभार सचिव सोमेश्वर गमेती ने व्यक्त किया।

## हरिशचंद्र नर्सेज संघ ग्रामीण के जिलाध्यक्ष निर्वाचित

संवाददाता | डूंगरपुर

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर | राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ग्रामीण जिला शाखा डूंगरपुर के जिलाध्यक्ष पद के चुनाव हुए। जिलाध्यक्ष की दौड़ में हरिशचंद्र रोत व बाबूलाल परमार शामिल थे। मतगणना के नतीजों में हरीश रोत को जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया। चुनाव समन्वयक नरेश जोशी के निर्देशन में हुए चुनाव व मतगणना में चुनाव अधिकारी चतुर्भुज गाडरी, दिवाकर रोत, महिमा डामोर व जयंतिलाल रोत ने प्रक्रिया कराई। 334 मतदाताओं ने मतदान किया।






## ग्रामीण सेवा शिविर में चम्पा और दुर्गा को मिला मंगला पशु बीमा योजना का लाभ

### मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा एवं जिला प्रशासन का किया आभार



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में शुरू किए गए ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन को मिल रही राहत। शुक्रवार को सेवा पर्व पखवाडा के तहत ग्राम पंचायत राठड़ी में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में चम्पा पत्नि शंकरलाल बामनिया ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के प्रथम चरण में अपनी भैंस का ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद लॉटरी से चयनित हुआ। इसके बाद पशुपालन विभाग के डॉक्टर ने उनके घर पर जाकर भैंस का स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जारी किया गया। तथा भैंस के मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत 40000- रूपये की राशि की बीमा पॉलिसी से लाभान्वित किया गया । इस अवसर पर चम्पा पत्नी शंकर लाल बामनिया ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी एवं उनके निर्देशन में कार्य कर रहे विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। तथा शिविर में दुर्गा कुमारी पारगी पत्नि हरीश चन्द्र सैंगाड़ा ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के प्रथम चरण में अपनी गाय का ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन किया गया था और बाद में लॉटरी से चयनित हुआ। इसके बाद पशुपालन विभाग के डॉक्टर ने घर पर जाकर गाय का स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जारी कर 27000- रूपये की राशि मंगला पशु बीमा पॉलिसी देकर लाभान्वित किया गया। इस दौरान दुर्गा कुमारी पारगी पत्नि हरीश चन्द्र सैंगाड़ा ने खुश जाहिर करते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद क्या ज्ञापित किया। इस दौरान शिविर में तहसीलदार, विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी शिविर प्रभारी सहित अन्य अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।




# ठूंस-ठूंस कर भैंसों का परिवहन करने वाले गिरोह पर सागवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## तीन पिकअप जब्त, 15 भैंसें मुक्त, छह आरोपी डिटेन





सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देश पर सागवाड़ा थाना पुलिस ने गौवंश एवं भैंसों के अवैध परिवहन और पशु क्रूरता के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को डिटेन किया है। पुलिस ने मौके से तीन पिकअप वाहन जब्त कर 15 भैंसों को मुक्त कराया, जिन्हें ठूंस-ठूंस कर बिना चारा-पानी के परिवहन किया जा रहा था। घटना 16 अक्टूबर 2025 की रात की है, जब थानाधिकारी मदनलाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने पादरा मोड़ पर नाकाबंदी की। इस दौरान सागवाड़ा से आसपुर की ओर जा रही तीन पिकअप — आरजे 27 जीडी 3709, आरजे 12 जीए 4663 तथा एक बिना नंबर की पिकअप — को रोका गया। जांच में तीनों वाहनों में भैंसों को ठूंसकर ले जाया जा रहा था और कोई वैध परिवहन दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए। पुलिस ने जीवराज पिता काउडा डामोर (गरियता, थाना चितरी, डूंगरपुर), राजू पिता कालूराम डामोर (सोहनमाता कुशलकोट, थाना अरथुना, बांसवाड़ा), विनोद पिता कालिया थोरी (भीमसौर नथैली, थाना गढ़ी, बांसवाड़ा), महेन्द्र पिता शांतिलाल थोरी (गडिया बडगी, थाना चितरी, डूंगरपुर), पंकज पिता नरेश थोरी (ढेबरिया कसारिया, थाना चितरी, डूंगरपुर), पंकज पिता रमेश पारगी (कुशलकोट, थाना अरथुना, बांसवाड़ा) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी भैंसों को सुरक्षित मुक्त करवाकर चारा-पानी की व्यवस्था करवाई है। कार्रवाई में शामिल टीम: एएसआई श्री हरिसिंह, कानि 406 चन्द्रपाल सिंह, कानि 50 निहार और कानि 299 अशोक ने सराहनीय भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने टीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि "गौवंश एवं पशुओं के प्रति अमानवीय व्यवहार करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।







## खेडा कच्छवासा में दिनदहाड़े हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा




सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन शिकंजा" के तहत सदर थाना पुलिस ने खेडा कच्छवासा गांव में हुई बड़ी चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 20 अगस्त 2025 की है। प्रार्थी भरतलाल कलाल निवासी खेडा ने थाना सदर में रिपोर्ट दी थी कि वह व उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी खेत और मेले में गए हुए थे। शाम करीब 4:15 बजे जब वह घर लौटे तो देखा कि दरवाजे खुले हैं और घर में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है। जांच में पता चला कि घर से सोने-चांदी के आभूषण व ₹1.5 लाख नकद चोरी हो गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अशोक मीणा और वृत्ताधिकारी श्री तपेन्द्र मीणा के सुपरविजन में टीम ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। मुखबिर सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ की, जिन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपी: लोकेश उर्फ चौधरी पिता देवीलाल डामोर (मीणा), उम्र 20 वर्ष, निवासी भाटपुर, थाना सदर, जिला डूंगरपुर, मुस्तफा उर्फ बोडा पिता जावेदखान (मुसलमान), उम्र 30 वर्ष, निवासी शास्त्री कॉलोनी, थाना कोतवाली, डूंगरपुर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पीसी रिमांड पर पेश किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान अन्य वारदातों के खुलासे की भी संभावना है, जिसके लिए अनुसंधान जारी है।



















## 30 वर्ष पुराने प्रकरण में मौके पर निस्तारण से मिली राहत



पंचायत समिति बिछीवाड़ा के ग्राम पंचायत ओडा बड़ा एवं ग्राम पंचायत करौली में उपखंड अधिकारी महोदया शाहीन अंजुम के निर्देशन में आयोजित किया गया । कैंप में 30 वर्ष पुराना बटवारा प्रकरण उपखंड अधिकारी के निर्देशन में अनिल पांड्या नायब तहसीलदार, गिरदावर विशाल कलाल पटवारी दिनेश डामोर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए हाथों हाथ निस्तारित किया गया । कैंप में राजस्व विभाग के शुद्धि के 23 ,नामांतरण के 5 प्रकरणों का निस्तारण किया गया । पशुपालन विभाग द्वारा डॉक्टर राजकुमार द्वारा फक्कू खराड़ी, बसु फलेजा, मनकी डामोर को मंगला बीमा योजना अंतर्गत पॉलिसी तैयार कर वितरित किए गए । महिला एवं बाल विकास योजना द्वारा सुपरवाइजर गीता मीणा द्वारा गर्भवती महिलाओं सपना , मंजुला, की गोद भराई कार्यक्रम संपन्न कराया गया । अतिरिक्त विकास अधिकारी अजय जोशी। , ग्राम विकास अधिकारी भुवनेश पटेल , सरपंच श्री हितेश डामोर द्वारा 4 जन्म प्रमाण पत्र ,व्यक्तिगत शौचालय के 6 स्वीकृति पट्टे नवीनीकरण का 1 प्रकरण निस्तारित किए गए । ग्राम पंचायत करौली में तहसीलदार माधवलाल चरपोटा, नायब तहसीलदार कांतिलाल डामोर द्वारा गांव हथौड़ के 25 वर्ष पुराना बटवारा जिसमें खाता स 62 के कुल56 खेतों रकबा 4.56 हैक्टर भूमि का बटवारा एवं राजस्व शुद्धि के 22 प्रकरणों , नामांतरण के 25 प्रकरणों का मौके पर गिरदावर मुकेश भगोरा , पटवारी मुकेश कलासुआ द्वारा किया गया । इस अवसर पर सरपंच बालशंकर मनात एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## कंज्यूमर केयर अभियान

### रोजगार प्लेसमेंट शिविर आयोजित





सागवाड़ा लाईव न्यूज़/दिवाली के त्यौहार पर मिठाई, सूखे मेवे, बैकरी उत्पाद इत्यादि के साथ डिब्बा तौलने, कम माप-तौल एवं पैकेजिंग नियमों में तय मापदंडों के अनुसार बिक्री न करने इत्यादि की रोकथाम के लिए उपभोक्ता मामले विभाग, जयपुर द्वारा 13 अक्टूबर 2025 से 19 अक्टूबर 2025 तक कंज्यूमर केयर अभियान चलाया जा रहा है। जिला रसद अधिकारी मणि खींची द्वारा जांच दल गठन कर जिले के विभिन्न मिष्ठानों की जांच कराई गई जिसमें जोधपुर मिष्ठान भंडार डूंगरपुर, फूड प्लाजा, लाला मिष्ठान सागवाड़ा, जोधपुर मिष्ठान सागवाड़ा आदि द्वारा तय मापदंडों एवं माप-तौल नियमों के अनुसार उत्पादों की बिक्री करना पाया गया । श्री जोधपुर मिष्ठान भंडार ओबरी, महादेव मिष्ठान भंडार ओबरी पर माप तौल के कांटे का सत्यापन नही करने पर प्रति कांटा रुपए 2000- जुर्माना लगा नियमित कांटे का सत्यापन करने के लिए पाबंद किया गया। जांच दल में प्रवर्तन एवं विधिक माप विज्ञान अधिकारी, निलेश कुमार खांट एवं प्रवर्तन निरीक्षक हिमांशु डामोर व हर्षिल कोड़िया मौजूद रहे । जिला रोजगार कार्यालय, डूंगरपुर द्वारा रोजगार प्लेसमेंट शिविर का आयोजन शुकवार को पंचायत समिति परिसर, डूंगरपुर में किया गया। जिला रोजगार अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि शिविर में एसआईएस सिक्योरिटी, भारतीय जीवन बीमा निगम, डूंगरपुर, स्टेप एकेडमी, आजीविका ब्यूरो सहित आदि कंपनियों ने भाग लिया। जिसमें एसआईएस सिक्योरिटी में 20 आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन हुआ। वहीं, आजीविका ब्यूरों में 17 का प्रारम्भिक चयन हुआ और भारतीय जीवन बीमा निगम डूंगरपुर 10 का प्रारम्भिक चयन हुआ। इस मौके पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी रमणलाल त्रिवेदी, भारतीय जीवन बीमा निगम डूंगरपुर से राहुल, एसआईएस सिक्योरिटी से फैजल खांन, आजीविका ब्यूरों से लोकेश कुमार, मगनलाल, बंसीलाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




## डूंगरपुर में सूने मकान से 35 लाख का सामान चोरी: 30 लाख के गहने, 4 लाख की चांदी और 1.10 लाख रुपए कैश ले गए चोर



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र में एक सूने मकान से करीब 35 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी की चोरी हो गई। यह घटना चुंडियावाडा पाड़ा नई बस्ती में हुई, जब मकान मालिक का परिवार गेहूं पिसवाने गया था। चुंडियावाडा पाड़ा नई बस्ती निवासी गरवर सिंह राठौड़ नौकरी के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। उनकी पत्नी भमुकुंवर और पुत्र महावीर सिंह दोपहर करीब एक बजे घर पर ताला लगाकर गांव में स्थित चक्की पर गेहूं पिसवाने गए थे। जब वे दोपहर साढ़े तीन बजे घर लौटे, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। चोरों ने घर के अंदर तिजोरी के ताले तोड़कर उसमें रखे आभूषण और नकदी चुरा ली। पीड़ित गरवर सिंह के अनुसार बदमाशों ने 20 तोला सोने की दो जोड़ी बंगड़ी, दो हार, तीन चेन, दो जोड़ी झुमके और दो अंगूठियां शामिल हैं। दो किलो चांदी और 1 लाख 10 हजार रुपए नकद चुराए। चोरी हुए सोने की कीमत लगभग 30 लाख रुपए और चांदी की कीमत 4 लाख रुपए आंकी गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। दोवड़ा थाने से सीआई भंवर सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। पुलिस ने पीड़ित गरवर सिंह की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।पुलिस गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। ग्रामीणों ने इतनी बड़ी चोरी की वारदात पर रोष व्यक्त किया है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी व मामले का खुलासा करने की मांग की है।

## दस फिर दुकान से बाहर आया सागवाड़ा का बाजार



सागवाड़ा लाईव न्यूज़। दीपावली के त्यौहार को देखते हुए जहां पूरे नगर में रौनक और भीड़भाड़ बढ़ी हुई है, वहीं सागवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। शहर के प्रमुख बाजारों में दुकानदारों ने दुकानों से आगे करीब 10 फीट तक सड़क पर कब्जा कर रखा है। धनतेरस के अवसर पर लोगों की भारी भीड़ बाजारों में उमड़ रही है, परंतु सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई हुई है। ग्राहकों और राहगीरों को दुकानों के बाहर फैले सामान व ठेलों के बीच से निकलने में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी है। पालिका अधिकारी न तो कोई कार्रवाई कर रहे हैं और न ही व्यवस्था सुधारने की कोशिश दिखाई दे रही है। पुलिस प्रशासन भी इस अव्यवस्था से परेशान है, क्योंकि लगातार बढ़ते जाम और भीड़ के कारण यातायात नियंत्रित करना मुश्किल हो रहा है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो दीपावली के दौरान अराजक स्थिति पैदा हो सकती है।

# झालावाड़ में मिली अपने घर की चाबी

**मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत 50 लाभार्थियों को दीपावली का तोहफा**



हरिमोहन चोडावत--झालावाड़

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/झालावाड़ नगर परिषद के द्वारा मुख्यमंत्री जन आवास योजना के 50 लाभार्थियों को दीपावली से पहले खास तोहफा देते हुए आशियानो की चाबी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री जन आवास योजना स्थल पर आयोजित एक कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा, सभापति प्रदीप सिंह राजावत तथा पूर्व आरपीएससी अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा की मौजूदगी में नवनिर्मित फ्लैट्स की चाबियां उनके मालिकों को दी गई। आशियानों की चाबियां प्राप्त कर लाभार्थी परिवारों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस मौके पर सभापति प्रदीप सिंह राजावत ने बताया कि 50 आवासियों को उनके आशियाने की चाबी सौंपी गई है। अभी 250 आवास बनाकर तैयार हैं। 50 आवास उन लोगों को दिए जा रहे, जिन्होंने आवास की पूरी राशि जमा करवा दी है। बाकी आवासी भी जैसे ही समस्त राशि जमा करवा देंगे उन्हें भी फ्लैट आवंटित कर दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और सांसद दुष्यंत सिंह का यह ड्रीम प्रोजेक्ट रहा था, जिसमें निचले और मध्यम तबके के लोगों को मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत फ्लैट आवंटित किए गए थे। उधर फ्लैट्स की चाबियां पाकर खुशी से गदगद दिखे लाभार्थी परिवारों ने कहा कि लंबे समय पूर्व उन्हें फ्लैट का आवंटन हो गया था। लेकिन निर्माण पूरा नहीं होने से उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ा। आज दीपावली से पहले ही फ्लैट्स मिल जाने से वे काफी खुश है। अब उन्हें किराए के मकान में नहीं रहना पड़ेगा और हल्दी ही वे अपने खुद के मकान में शिफ्ट होंगे। इस दौरान जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने भी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत शेष लाभार्थियों को भी जल्द ही आवास सौंपे जाएंगे। शिफ्ट होने वाले परिवारों को आवश्यक संसाधनों और सुरक्षा की भी जल्द व्यवस्थाएं की जाएगी।

# मालन मासी बालाजी रोड पर कायन हाउस का हुआ लोकार्पण



सागवाड़ा लाईव/ संवाददाता अभिषेक/ बूंदी । मालन मासी बालाजी रोड स्थित कायन हाउस का लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक डोगरा थे अध्यक्षता सभापति सरोज अग्रवाल की विशिष्ट अतिथि सुरेश अग्रवाल रहे । कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का माल्यार्पण और साफा बंधवाकर स्वागत किया गया । । कार्यक्रम के दौरान कायन हाउस में विधिवत पूजा अर्चना करके उसका शुभारंभ किया गया। पूर्व विधायक डोगरा ने अपने संबोधन में कहा कि इस कायन हाउस में शहर में घूमने वाले बेसहारा गोवंशो को वहां पर रखा जाएगा जिससे शहर में होने वाली गोवंशो से दुर्घटनाओं पर लगाम लगेगी एवं गोवंश से होने वाली गोबर की गंदगी से भी निजात मिलेगी। गोवंशो के लिए चारा पानी की समुचित व्यवस्था नगर परिषद बूंदी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व सभापति महावीर मोदी, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, आयुक्त धर्मेंद्र मीणा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव ,पंचायत समिति सदस्य अर्चना कवर हाडा ,पार्षद रमेश हाडा ,मोईनुद्दीन अंसारी , प्रहलाद मीणा, सहकारी अध्यक्ष पवन बैरागी मंचासीन रहे । कार्यक्रम के दौरान कायन हाउस वह गौशाला में सहयोग करने वाले व्यक्तियों का नगर परिषद की ओर से सम्मान किया गया । इस दौरान भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मोहन कराड, पार्षद कल्पना सेन, कस्तूरी बाई ,संध्या रावल, महावीर मीणा, नवीन सिंह, आशीष शर्मा ,हरिशंकर सैनी, संदीप यादव, श्याम सुंदर सैनी, पूर्व पार्षद संजय भूटानी, निर्मल मालव, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष अंकुर गौतम ,जमुना शंकर, गोपाल महेश्वरी, किट्टू सैनी , विनोद शर्मा , प्रदीप श्रीमाल, महावीर हल्दिया , सुरेश परिहार, नवीन यादव सहित नगर परिषद अधिकारी , कर्मचारी और आमजन मौजूद रहे ।





























